विरोध

बस स्टैंड की गंदगी पर नपा को घेरा

# विधायक ने बस स्टैंड से ऑटो स्टैंड हटाए जाने किया विरोध





**नवभारत, बालाघाट।** विधायक अनुभा मुंजारे ने बस स्टैंड से ऑटो स्टैंड हटाए जाने का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि ऑटो स्टैंड हटाया गया, तो वह वहीं धरने पर बैठ जाएंगी।

दरअसल, ऑटो स्टैंड हटाए जाने से परेशान ऑटो चालकों ने विधायक से इसकी शिकायत की थी। इसके बाद शनिवार को विधायक अनुभा मुंजारे बस स्टैंड पहुंचीं, जहां उन्होंने बसों के अव्यवस्थित खड़े होने और गंदगी पर नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने प्रशासन से मानवीय दृष्टिकोण पर गरीब ऑटो चालकों को स्टैंड में ही रहने देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उन्हें हटाया गया, तो यह मामला आगामी विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। मुंजारे ने कहा कि कानून केवल गरीबों के लिए है, जबकि बस स्टैंड में महीनों और घंटों तक बसों के खड़े रहने पर प्रशासन ध्यान नहीं देता। उन्होंने प्रशासन से पहले बसों को व्यवस्थित करने को कहा। विधायक ने बस स्टैंड की सफाई को लेकर नगरपालिका को भी घेरा। उन्होंने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी स्वच्छ भारत की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर नगर के सार्वजनिक स्थानों और वार्डों में कचरे का ढेर लगा है, जिस पर नगरपालिका का कोई ध्यान नहीं है। बस स्टैंड में गंदगी के सवाल पर सीएमओ बी.डी. कतरोलिया ने बताया कि बस स्टैंड में शौचालय होने के बावजूद लोग बसों की आड़ में गंदगी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब रात में बस स्टैंड की सफाई की जाएगी। स्टैंड में बसों के महीनों और घंटों तक खड़े रहने के सवाल पर सीएमओ ने कहा कि यह ट्रैफिक पुलिस का काम है और उन्हें ही इसे देखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी को एसडीएम, सीएसपी और यातायात थाना प्रभारी ने सालों से बस स्टैंड में चल रहे ऑटो स्टैंड से चालकों को अन्य निर्धारित जगह पर जाने का फरमान सुनाया था। इसके बाद से ऑटो चालक परेशान थे और उन्होंने अपनी समस्या से विधायक को अवगत कराया था।

# मन की शुद्धि और ईश्वरीय प्रेम पाने का सबसे प्रभावी साधन हरिनाम संकीर्तन ही है : प्रदीप जायसवाल

जागपुर की अहम समस्या हाइवे से ग्राम तक सर्विस सड़क का किया समाधान



**नवभारत, वारासिवनी।** ग्राम जागपुर में श्री गोपाल आश्रम विट्ठल रूखमणी सिद्धपीठ पावनधाम में संत समागम हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने श्याम साधक महाराज को नमन कर सत्संग के प्रत्यक्ष लाभ बताये। इस अवसर पर जागपुर सहित निकट के ग्रामो के श्रद्वालूजन अधिक संख्या मे उपस्थित भी रहे।

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने विट्ठल रूखमणी मंदिर मे आर्शीवाद प्राप्त करने के बाद प्रभावी शैली मे उदबोधन के दौरान कहा की कलयुग मे आध्यात्मिक उत्थान, मन की शुद्धि और ईश्वरीय प्रेम पाने का सबसे प्रभावी साधन हरिनाम संकीर्तन ही है। इससे पान नष्ट होते है और समाज मे एकता व शांति स्थापित होती है। जिस तरह मोबाईल को उसकी सीम संचालित करती है। उसी तरह हमारे शरीर को हमारी आत्मा संचालित करती है। और संकीर्तन के समय यही आत्मा सीधे तौर पर ईश्वर से जुडकर हमारा मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर प्रबुद्व ग्रामीणजनो ने जैसे ही ग्राम की प्रमुख समस्या से गुड्डा भैया को अवगत कराया तत्काल उन्होंने हाइवे से ग्राम तक सर्विस सड़क स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को निर्देश देकर जल्द उक्त सड़क निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त किया। इस समय सर्वश्री कन्हैयालाल नगपुरे, पीतम बिसेन, चिरौंजी पारधी, सन्दीप मिश्रा मण्डल अध्यक्ष, पप्पू भैया हरिनखेड़े, डॉ सन्तोष खरोले, संजय चैहान आदि के साथ ग्रामीण जनप्रतिनिधीगण भी उपस्थित भी रहे। दुसरी ओर नगर के वार्ड 5 बस स्टैंड के पीछे सार्वजनिक अर्धनारीश्वर मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी दोपहर समय मे शामिल होकर गुड्डा भैया ने जमकर जयकारे लगाकर भोलेबाबा की स्तुती की। इस समय वार्ड की पार्षद श्रीमती मधू जायसवाल, पूर्व पार्षद सोनू जायसवाल, नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा आदि साथ भी रहे।

## बहनों के खातो में पहुंची 15-15 सौ रुपए की राशि

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 14 फरवरी को खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्?य स्?तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्?यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत बहनों के खाते में 15-15 सौ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा फंदाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 33 वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 44 हजार 212 लाड़ली बहनों के खाते में 50 करोड़ 13 लाख 56 हजार 100 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित इस कार्यक्रम का बालाघाट जिले के सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में सीधा प्रसारण दिखाया गया।

# कुम्हली, मोवाड, शंकर पिपरिया में विकास कार्यों की विधायक ने दी सौगात



**नवभारत, खैरलांजी।** खैरलांजी जनपद मुख्यालय अंतर्गत अंतर्गत विधायक गौरव सिंह पारधी की सक्रियता और निरंतर प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की श्रृंखला लगातार आगे बढ़ रही है। इसी क्रम में कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शंकर पिपरिया, मोवाड और कुम्हली में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं लोकार्पण संपन्न हुआ। ग्राम कुम्हली में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन एवं 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सी सी रोड का भूमिपूजन विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सुनीता मानसिंह बहेटवार, जनपद सदस्य अरविंद गढ़पाले, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहागडालें, पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा अनिल कुरवे, मंडल महामंत्री विश्वेश्वर सोनवाने, मंडल महामंत्री प्रमोद मेश्राम, मंडल उपाध्यक्ष फिरोज ठाकरे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेज लाल चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र लिल्हारे, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय मेश्राम, अभिषेक सेलोकर, सरपंच श्रीमती मंजूषा कैलाश कुंजाम, उप सरपंच मंगलेश माहुले सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम मोवाड में हाईस्कूल परिसर में 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवॉल निर्माण तथा सभामच का भूमिपूजन किया गया और स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता मानसिग बहेटवार, सरपंच श्रीमती वर्षा होलुकहालकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष ज्ञानेश रहांगडाले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबीता पतीराम भोरगढ़े, जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय मेश्राम, पूर्व मंडल महामंत्री अनिल कुरवे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा तेजलाल चौधरी, मंडल महामंत्री भाजपा विश्वेश्वर सोनवाने, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा हरबाजी पुष्पतोड़े, पूजा नगपुरे, ओमिता शिंदे, पतिराम नगपुरे, फिरोज ठाकरे, आकाश धुआरे, अभिषेक सेलोकर, होलीराम कहाकर, सुनिल मते सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विधायक मधु भगत ने पीड़ित परिवार को सौंपा 2 लाख का चेक

हरसंभव सहायता का दिया भरोसा



**नवभारत, परसवाड़ा।** लिंगा में 7 अक्टूबर 2025 को हुए दर्दनाक करंट हादसे में ग्राम सरेखा निवासी धनेन्द्र उर्फ मनोज पटले की असामयिक मृत्यु के बाद परसवाड़ा विधायक मधु भगत बीते दिनों पीड़ित परिवार से मिलने उनके गृह ग्राम सरेखा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा।

विधायक मधु भगत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह अत्यंत दुखद घटना घटी। हादसे के बाद परसवाड़ा में शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम किया गया था और परिवार गहरे सदमे में था। उस समय उन्होंने मृतक की धर्मपत्नी अंबेश्वरी पटले और परिजनों को आश्वस्त किया था कि वे हरसंभव मदद करेंगे।

उन्होंने बताया कि पारस्परिक समन्वय के माध्यम से विद्युत विभाग द्वारा 4 लाख रुपए, विभागीय कर्मचारियों द्वारा 2 लाख रुपए की सहायता दिलाई गई थी। साथ ही उन्होंने स्वयं 2 लाख रुपए देने तथा 2 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से दिलाने की घोषणा की थी। उसी घोषणा के तहत वे अब 2 लाख रुपए का चेक प्रदान करने पहुंचे हैं। शेष 2 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रस्तावित हैं। विधायक ने कहा कि घटना तो अत्यंत दुखद है, जिसे वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन परिवार को सहारा देने के लिए मृतक की पत्नी को नौकरी दिलाने का प्रयास किया गया। मृतक मनोज पटले की पत्नी अंबेश्वरी पटले को बैहर स्थित पावर हाउस में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति मिली है और उन्होंने 1 दिसंबर 2025 को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अंबेश्वरी पटले ने बताया कि जनप्रतिनिधियों और विधायक मधु भगत के प्रयासों से उन्हें बिजली विभाग में नौकरी मिल सकी, जिससे परिवार को सहारा मिला है। मृतक के भाई नरेन्द्र पटले ने बताया कि हादसे के बाद उन्हें पहले 6 लाख रुपए की सहायता प्राप्त हुई थी और अब विधायक द्वारा 2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया है। इस प्रकार अब तक कुल 8 लाख रुपए परिवार को मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि विधायक के निरंतर प्रयासों से ही उनकी भाभी को नौकरी मिल पाई और वे लगातार परिवार का हालचाल लेते रहते हैं।

नरेन्द्र पटले ने यह भी कहा कि विधायक ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद समय निकालकर परिवार से मुलाकात की और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं भविष्य को लेकर भी चिंता जताई।

### लापरवाही पर सख्ती की बात

विधायक मधु भगत ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विभाग द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।ग्राम सरेखा पहुंचकर विधायक ने ग्रामीणों से भी चर्चा की। इस दौरान बलराम उईके, विधायक प्रतिनिधि सुधीर पटले, देवेश राहंगडाल, इंद्रजीत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन उपस्थित रहे।

# धान पर रू 3100 का वादा निभाए सरकार, प्रोत्साहन राशि तत्काल जारी करे : किसान गर्जना संगठन



**नवभारत, बालाघाट।** किसान गर्जना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद चौधरी ने मध्य प्रदेश सरकार पर किसानों से किए गए वादे पूरे न करने का आरोप लगाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय सरकार ने किसानों से धान का मूल्य ?3100 प्रति क्विंटल देने तथा प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन आज तक किसानों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया है। अरविंद चौधरी ने कहा कि प्रदेश का किसान पहले ही महंगाई, बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा घोषित प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित रखना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वादे केवल चुनावी मंचों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि उन्हें धरातल पर भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि: 1. धान पर घोषित 3100 प्रति क्विंटल का लाभ तुरंत सुनिश्चित किया जाए। 2. लंबित प्रोत्साहन राशि बिना देरी किसानों के खातों में हस्तांतरित की जाए। 3. किसानों से जुड़े सभी आर्थिक निर्णय पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से लागू किए जाएं।प्रदेश अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों को उनका अधिकार नहीं मिला, तो किसान गर्जना संगठन प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने अंत में कहा कि किसान केवल वोट बैंक नहीं हैं, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार को राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर किसानों के हित में तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

# अनुभा ने सरदार पटेल हॉस्पिटल को लगाई फटकार, दिए कार्यवाही के निर्देश



**नवभारत, बालाघाट।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों व परिजनों की नगर के सरदार पटेल हॉस्पिटल गायखुरी बालाघाट की उपचार संबंधी लापरवाही ओर गड़बड़ी की शिकायत विगत कई दिनों से लगातार सामने आ रही थी।

लगातार शिकायत प्राप्त होने के उपरांत बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने उक्त अस्पताल का विशेष निरीक्षण किया गया। जिसमें ये बात सामने आई कि उपचार के लिए एडमिट हुए युवक विवेक तिरपुड़े के हाथ की उंगली का ऑपरेशन होना था जिसके लिए एनेस्थीसिया की खुराक को सही मात्रा और सही जगह न दिए जाने के कारण आज वह कोमें की स्थिति में नागपुर में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। वर्तमान समय तक परिजनों की ओर से बताया जा रहा है कि विवेक की हालत अभी भी गंभीर है वह अभी भी कोमें की स्थिति में है। इस घटना ने हॉस्पिटल प्रबन्धन की बहुत बड़ी लापरवाही को सामने प्रकाश में लाया है।।

इस निरीक्षण में विधायक ने उपस्थित डॉक्टर, नर्स, स्टॉफ के कर्मचारियों को भविष्य में उचित और त्वरित उपचार के लिए कड़े निर्देशित दिये और कहा कि गंभीर स्थिति में विवेक को पहुंचाने वाले लापरवाही जिस डॉक्टर या प्रबन्धनकर्ता के कारण उत्पन्न हुई है उस पर भी कठोर कार्यवाही की जाएगी। हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती मरीज के साथ किसी भी प्रकार की जान माल हानि होती है उसके लिए हॉस्पिटल प्रबन्धन स्वयं जिम्मेदार होगा। व्यवस्थाओं में सुधार समय पर नहीं हुआ तो इसके लिए शासन स्तर पर पत्राचार कर हॉस्पिटल प्रबन्धन पर उचित कार्यवाही करवाई जाएगी।

# सांसद प्रतिनिधि ने नगर पालिका बैठक में दिये सुझाव



**नवभारत, बालाघाट।** शहरी विकास के लिए निम्नलिखित विषयों पर नीतिगत निर्णय लेने और उन्हें लागू करने के संबंध मैं सुशील वर्मा सांसद प्रतिनिधि ने बताया की उन्हें संसद सदस्य श्रीमती भारती पारधी द्वारा द्वारा संसद सदस्य प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है। आज की बैठक में भारती पारधी सांसद बालाघाट शहर के विकास की गंभीरतापूर्वक योजना बनाकर विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। इस विषय पर मेरे सुझाव निम्नलिखित हैं - 1. हनुमान चौक में जलभराव की स्थिति गंभीर है, जिससे निपटने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना बनाई जानी चाहिए और प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाना चाहिए, ताकि जलभराव से राहत प्राप्त की जा सके। 2. शहर के कई निचले इलाकों में ठोस नालियों के अभाव के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है; योजनाबद्ध तरीके से नालियों का निर्माण करके इस समस्या का भी समाधान किया जाना चाहिए। 3. बालाघाट शहर की सबसे व्यस्त सड़क पर अंबेडकर चौक से हनुमान चौक तक डिवाइडर में लगे बिजली के खंभों को स्टेशन रोड पर लगे खंभों की तरह ही बदला जाना चाहिए और पर्याप्त वाट क्षमता वाली स्ट्रीट लाइटें लगाई जानी चाहिए। 4. बालाघाट शहर की सड़कों पर धूल की समस्या बनी हुई है, जिससे निपटने के लिए एक डस्टिंग मशीन खरीदना उचित होगा। 5. मैंने पिछली बैठक में लिखित रूप से यह मांग भी रखी थी कि शहर में कहीं भी पूरी तरह से सुसज्जित शौचालय नहीं हैं, जिसके कारण नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। शहर के कम से कम चार सबसे व्यस्त स्थानों पर पूरी तरह से सुसज्जित शौचालय बनाए जाने चाहिए, कृपया इसे प्राथमिकता दें।

नगर में आधारभूत ढांचे, अवैध निर्माण और सुरक्षा संबंधी ये प्रमुख मांगें और समस्याएं हैं।

मिनी स्टेडियम का निर्माण: नगर में खिलाड़ियों के लिए खेल मैदान की कमी है। उत्कृष्ट मैदान में मिनी स्टेडियम का काम तत्काल शुरू कर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाए।

अवैध निर्माण पर रोक: नगर में नियम विरुद्ध अवैध भवन/कॉलोनियों का निर्माण बदस्तूर जारी है, जिससे भविष्य में पार्किंग और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। नगर पालिका द्वारा कागजों में निरस्त किए गए स्वीकृत मानचित्रों के बावजूद, निर्माण मालिक अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायत के बाद भी कर्मचारी इसे रोकने में असफल हैं, इसलिए कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है।

यात्री प्रतीक्षालय की सुरक्षा: बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय नशेड़ियों का जमावड़ा बन गया है, जहाँ अवैध गतिविधियां चल रही हैं, इसे रोके जाने की आवश्यकता है। इन मुद्दों पर नगर पालिका प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की उम्मीद है।

# धान घोटाला : आरोपियों की जमानत अर्जी ख़ारिज, भेजे गये जेल

महकेपार धान खरीदी केंद्र का मामला



**नवभारत कटंगी।** तिरोडी पुलिस द्वारा धान खरीदी में बरती गई अनियमितता के मामले में आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, न्यायालय द्वारा जमानत ना देते हुए आरोपियों को वारासिवनी जेल भेजा गया है।

उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान के परिवहन के दौरान धान की शार्टेज पाए जाने पर कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद पिता बालचंद बिसेन, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पिता नीलचंद पटले, महकेपार खरीदी केंद्र के प्रभारी रमेश पिता चिंटू नगपुरे और कोसुम्बा निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर गालेंद्र पिता श्यामलाल मडावे के विरुद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह ने 12 फरवरी को तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। धान की शार्टेज के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर मृणाल मीना ने नायब तहसीलदार तिरोडी श्रीमती गीता राहंगडाले, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव, पहल सिंह वलाडी और नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक की टीम गठित कर मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिये थे। टीम द्वारा महकेपार केंद्र में मौके पर जाकर जांच की गई। जांच के दौरान केंद्र में 174 बोरियों में 56.97 क्विंटल धान पायी गई। इस धान की गुणवत्ता जांच में अमानक स्तर की पायी गई। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद बिसेन, खरीदी केंद्र प्रभारी रमेश नगपुरे, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पटले एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोलेंद्र मडावे द्वारा बताया गया कि केंद्र में 200 बोरियों में 80 क्विंटल धान परिवहन के लिए और रखा गया है, लेकिन मौके पर यह धान नही पाया गया। इससे प्रतीत हुआ कि शार्टेज हुए धान के स्थान पर अमानक स्तर की धान समायोजित किये जाने की तैयारी की जा रही थी। जिला आपूर्ति अधिकारी आर.के. ठाकुर ने बताया कि किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान का शार्टेज पाए जाने पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कटेदरा के प्रबंधक गुलचंद पिता बालचंद बिसेन, महकेपार समिति के प्रबंधक नेतलाल पिता नीलचंद पटले, महकेपार खरीदी केंद्र के प्रभारी रमेश पिता चिंटू नगपुरे एवं कोसुम्बा निवासी कम्प्यूटर ऑपरेटर गालेंद्र पिता श्यामलाल मडावे के विरुद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी तुषार सिंह द्वारा 12 फरवरी को तिरोड़ी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अनियमितता के इन आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) एवं 3(5) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। 04 कर्मचारियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है आरोपीयों को दिनांक 14फरवरी को तिरोडी पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय द्वारा जमानत ना देते हुए आरोपियों को वारासिवनी जेल भेजा गया है।

## मोतीनाला के गंदे पानी से हो रही थी सब्जियों में सिंचाई

**नवभारत, जबलपुर।** नागरिकों के स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम की टीम ने गुरूवार को कठौंदा गाँव क्षेत्र में जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की। यह कार्रवाई कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गयी। इस संबंध में उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, स्वच्छता के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र राज ने बताया कि निरीक्षण के दौरान मोतीनाला के प्रदूषित पानी का उपयोग सब्जियों की सिंचाई के लिए करते पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल सख्त कदम उठाए। निरीक्षण दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए सिंचाई के लिए उपयोग किए जा रहे 2 नग पंप और 22 नग पाइप को मौके से जब्त कर लिया। इसके साथ ही स्थल पंचनामा तैयार कर संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।